卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्विमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 163 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦22 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया









## Outstanding Academic Achievers

**Class X**



Suryansh Yadav 98.2%
Seerat Kaur 98.0%
Hardik Singla 98.0%
Kartik Agarwal 98.0%
Reepanshu Kumar 97.8%

**Class XII**

Japreet Kaur 98.2%
Aryan Sharma 98.0%
Amisha Rawal 97.6%
Rishit Saini 97.4%
Gauri Kanyal 97.2%
Ayushi Pasricha 97.2%
Aarav Khera 97.2%
Dhairya Arora 97.2%

**Students Selected in Top Colleges (2022)**

Dhairya Arora, B.Tech. IIT BHU, Electrical Engg.
Suryansh Shukla, MBBS, Doon Medical College, Dehradun
Harshit Agarwal, BITS Hyderabad, M.Sc. Economics
Anshit Agarwal, B.Tech. IIT Jodhpur, Mechical Engg.
Vansh Popli, SGTB Khalsa, DU, B.COM. (P)

# R.A.N. Public School

Limited Seats

## Senior Secondary School

Branch 1: RAN Public School, Dibdiba. Ph.: 05944-297738, 9760083000
Branch 2: RAN Public School, Bhurarani. Ph.: 9557311223, 7017646595
Branch 3:RAN Kids, Rudrapur. Ph.: 7900306306, 9917966944

### Why RAN ?

- 35 years of commitment to education: A legacy of excellence
- World Class Infrastructure
- Green, clean and safe environment
- Robotics labs, Computer labs and Auditoriums
- Excellent Board Results
- Library and Resource Centre
- Experienced & Dedicated Faculty
- State-of-the-Art Laboratories
- Special student Counseling cell
- Compulsory Participation in Co-curriculur Activities and Stage Performance for all Students

*Don't miss your chance to shape a Bright Future of your child*

# कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली में होल्यार बने धामी



चंपावत(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी गुरूवार को चंपावत पहुंचे। यहां सीएम ने न्याय के देवता गोलू देवता (गोल्ज्यू) महाराज के मन्दिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर गोल्ज्यू देवता से राज्य की उन्नति एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि हेतु प्रार्थना की। पूजा अर्चना के पश्चात सीएम धामी चंपावत में काली कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीएम धामी ने लोकसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चम्पावत एवं लोहाघाट के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन, भेंटवार्ता एवं संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर होली की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि खड़ी होली कुमाऊं की एक विशिष्ट पहचान है, जो हमारी देवभूमि की समृद्ध संस्कृति का भी एक अभिन्न अंग है। सीएम धामी ने होल्यारों के साथ मिलकर होली के गीत गाए। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी ढोल भी बजाया। सीएम ने कहा कि उन्हें पहाड़ की होली से लगाव है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काली कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली गाई और खेली। उन्होंने सुमिरो सीता राम भया तुम हीरा जनम न पाओगे, नित जमुना के तीर कान्हा बजा गयो बसुरिया, बज रही बज रही बज रही मोहन तेरी मुरली बज रही, जैसी प्रसिद्ध खड़ी होली गाई। सीएम धामी ने कहा कि उन्हें आज भी पहाड़ी होली से बेहद लगाव है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि काली कुमाऊं की खड़ी होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। ये संस्कृति हमारे पूर्वजों से हमे मिली है। इस संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण भी सबने मिलकर करना है। युवाओं को भी इससे जोड़ना है। युवाओं को भी इससे जोड़ना है। उन्होंने होली पर भ्रष्टाचार को खत्म करने का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा देश के अंदर तुष्टिकरण समाप्त करने, समानता लाने, विकसित भारत बनाने की ओर प्रधानमंत्री जी द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। चम्पावत की देवतुल्य जनता एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ यह होली राज्य के विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन के रंगों से परिपूर्ण है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा उत्तराखण्ड की पाँचों सीटों पर देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से प्रचंड बहुमत के साथ विजय प्राप्त करने जा रही है।

# चुनाव बहिष्कार की 5625 शिकायतों का किया गया निस्तारण : नमामि बंसल

## चुनाव में प्रत्याशियों व पार्टियों के खर्च की पूरी निगरानी की जाएगी, 497 फ्लाइंग स्क्वाड गठित



देहरादून(उद संवाददाता)। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल ने गुरूवार को सचिवालय में ब्रीफिंग करते हुए कहा कि पांचों लोकसभा सीटों के लिए व्यय पर्यवेक्षक उत्तराखंड पहुँच चुके हैं, शुक्रवार को होने वाले नामांकन के दौरान उनके द्वारा प्रत्याशियों व पार्टियों के खर्च की पूरी निगरानी की जाएगी। श्रीमती नमामि बंसल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में शराब के दुरुपयोग को रोकने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। 20 मार्च को नैनीताल के मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में कुल 450 लीटर शराब बरामद करने के साथ ही चंपावत में 600 लीटर शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि शराब का दुरुपयोग रोकने के लिए कुल 497 फ्लाइंग स्क्वाड गठित की गई हैं। राज्य स्तर पर शराब के कुल 628 वितरण केंद्रों के अलावा 8 बॉटलिंग प्लांट व डिस्टिलरी की सीसीटीवी मॉनिटरिंग एवं शराब वितरण में लगे सभी वाहनों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 12 पी-थ्री बूथ (वह बूथ जहां तीन दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना होती हैं) हैं। इनमें उत्तरकाशी के 11 व एक बूथ कनार धारचूला, पिथौरागढ़ में स्थित है। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव नामांकन प्रक्रिया, प्रत्याशियों व पार्टियों के खर्च पर निगाह रखी जा रही है। चुनाव आयोग के पांच व्यय पर्यवेक्षक उत्तराखंड पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को होने वाले नामांकन में बारीकी से निगरानी की जाएगी। सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में बातचीत के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि सभी पार्टियों, प्रत्याशियों का खर्च आयोग के राडार पर है। चुनाव आयोग से व्यय पर्यवेक्षक टी शंकर, उमाशंकर प्रसाद, अंकिता पांडेय, राजेश कोठारी, स्वाती शिवम उत्तराखंड पहुंच चुके हैं। प्रदेश में 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कुल 10 बूथों पर लोगों ने चुनाव बहिष्कार किया था। इनमें ज्यादातर बूथ उत्तरकाशी के थे। जबकि सहसपुर, घनसाली व हरिद्वार ग्रामीण में एक-एक बूथ पर बहिष्कार किया गया था लेकिन इस बार अभी तक कहीं से भी बहिष्कार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही सी-विजिल परअब तक प्राप्त सभी 5625 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

# ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन राजनैतिक दलों की मौजूदगी में हुआ सम्पन्न

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जनपद के 6 विधानसभाओं में कुल 1010 बूथों हेतु 1509 बेलेट यूनिट/कन्ट्रोल यूनिट एवं 1588 वीवीपैट 6 विधान सभाओं में प्रथम रेंडमाइजेशन के पश्चात आवंटित की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोक सभा चुनाव निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से कराने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद की 6 विधानसभाओं के लिए म्टड और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया लालकुआं विधान सभा 142 बूथां हेतु ईवीएम 205 बेलेट यूनिट 205, कन्ट्रोल यूनिट 205 तथा वीवीपैट 225, भीमताल विधानसभा के 157 बूथों हेतु बेलेट यूनिट 284, कन्ट्रोल यूनिट 284 तथा वीवीपैट 288, विधानसभा नैनीताल के 165 बूथों हेतु वैलेट यूनिट 265, कन्ट्रोल यूनिट 265 तथा वीवीपैट 275, विधानसभा हल्द्वानी के 183 बूथों हेतु बेलेट यूनिट 267, कन्ट्रोल यूनिट 267 तथा वीवीपैट 285, विधान सभा कालाढंगी के 217 बूथों हेतु बेलेट यूनिट 290, कन्ट्रोल यूनिट 290 तथा वीवीपैट 310 तथा विधान सभा रामनगर के 146 बूथों हेतु बेलेट यूनिट 198, कन्ट्रोल यूनिट 198 तथा वीवीपैट 205 रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा हेतु रिजर्व के रूप में अतिरिक्त मशीनें दी गई है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट को 3-3, जोनल मजिस्ट्रेट को 2-2 तथा सभी 6 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को रिजर्व मशीनें उपलब्ध करा दी गई हैं। 2 किमी से अधिक पैदल दूरी वाले बूथों पर एक रिजर्व मशीन दी जाएगी । बैठक में कांग्रेस से मनोज कुमार शर्मा, केएस काण्डपाल,श्याम सिंह, बहुजन समाज पार्टी से हरीश चन्द्र सिनोली, जगदीश कुमार के साथ ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, नगर, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एआरओ पारितोष वर्मा, प्रमोद कुमार, तुषार सैनी, रेखा कोहली, के एन गोस्वामी, राहुल साह नोडल अधिकारी ईवीएम सुमित कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।




# पूर्व विधायक रांगड और दान सिंह सहित कई भाजपाईयों की घर वापसी

देहरादून। धनोल्टी के पूर्व विधायक महावीर रांगड और भीमताल के पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा में वापसी कर ली। दोनों पूर्व विधायकों ने 2022 के विधानसभा में बगावत कर दी थी। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित भी कर दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव में शुरू हुए पार्टी के विशेष ज्वाइनिंग अभियान के तहत दोनों पूर्व विधायकों की वापसी हो गई। उनके अलावा नेताओं की भी वापसी हुई, जिन्होंने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा। बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने उन्हें सदस्यता दिलाई। घर वापसी पर उन सभी का स्वागत फूल माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर किया गया।भाजपा का दामन थामने वालों में भोला सिंह परमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, वीरेंद्र रावत, रितु डंगवाल पूर्व पंचायत सदस्य भी शामिल हैं। उनके अलावा डोईवाला से जितेंद्र नेगी, चमोली से टीका प्रसाद मैखुरी, देहरादून से दिनेश रावत एवं उषा रावत, डी रूपाली, अमर सिंह सिवूडिया ,भोला सिंह परमार ,वीरेंद्र रावत, रितु डंगवाल, एपी किमोड़ी, मुकेश कंडवाल ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी ज्वाइन की। वहीं कुमांउ से किच्छा विस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़े अजय तिवारी ने भी भाजपा में वापसी की है। इस अवसर पर बंसल ने कहा, आप सभी केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं मोदी-धामी के नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में पुन: लौटे हैं। अब आप संगठन की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं क्योंकि आप में से अधिकांश पुराने कार्यकर्ता हैं और पार्टी की रीति नीति से अच्छी तरह वाकिफ हैं। धनोल्टी से पूर्व विधायक रांगड ने कहा कि मोदी और धामी के नेतृत्व में देश प्रदेश विकास की नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# पर्वतीय जिलों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में आज और कल (शुक्रवार और शनिवार को) भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से 22-23 मार्च को पर्वतीय जिलों में बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय जिलों के साथ 3,500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च के अंत तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अप्रैल शुरू होते-होते गर्मी सताने लगेगी। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले 10 साल में जलवायु परिवर्तन के कारण मार्च के अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अंदाजा लगाया गया है।

# पाकिस्तान के कैंप में ली थी आईईडी धमाकों की ट्रेनिंग

## आईएसआईएस का एजेंट हारिस जुलाई में आया था देहरादून,ऊधमसिंहनगर में भी रहे थे साथी

देहरादून। आईएसआईएस का एजेंट हारिस फारुकी बीते डेढ़ साल से भी ज्यादा समय से देशभर में धमाकों के



लिए जगह की तलाश कर रहा था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ था कि उसने पाकिस्तान के एक कैंप में आईईडी धमाकों की ट्रेनिंग भी ली थी। बताया जा रहा है कि इसके लिए वह जुलाई 2023 में देहरादून भी आया था। उसके कई साथी देश के अलग-अलग हिस्सों में पकड़े गए, जिनसे नए-नए खुलासे हुए। उसके खिलाफ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में मुकदमे दर्ज हुए। उस पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। दरअसल, पुणे पुलिस को हारिस के बारे में पता चला तो वहां उसके खिलाफ यूएपीए की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसकी जांच एनआईए ने शुरू की तो उसके खिलाफ एनआईए ने भी मुकदमा दर्ज किया। उसके बारे में कई तरह के खुलासे हुए। इस बीच पिछले साल दिल्ली की स्पेशल सेल ने कुछ आईएस की विचारधारा से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया तो उसमें भी हारिस का नाम सामने आया। इस पर दिल्ली पुलिस ने भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मगर, वह दिल्ली पुलिस के भी हाथ नहीं लगा। इस बीच दिसंबर 2023 में पुणे पुलिस उसकी जांच करते हुए उत्तर प्रदेश पहुंची। यहां पर अक्तूबर 2023 में भी पुणे पुलिस ने उसके कई साथियों को दबोचा। इसके बाद यूपी एटीएस की जांच के बाद उत्तर प्रदेश में भी हारिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एनआईए को उसकी जांच के बाद सबसे बड़ी चिंता देश में किसी अनहोनी की हो रही थी। एनआईए को इस बात का पता चल चुका था कि वह पाकिस्तान के ट्रेनिंग कैंप में आईईडी धमाकों की ट्रेनिंग कर चुका है। देश में राम मंदिर को लेकर तमाम कार्यक्रम हो रहे थे। बताया जा रहा था कि इसी को लेकर उसने भी कोई षड्यंत्र रचा था। इसके लिए वह जुलाई 2023 में देहरादून भी आया था। लेकिन, इसकी किसी को भनक नहीं लगी। हालांकि, इस बीच उसने अपने परिवार वालों से संपर्क नहीं किया था। बताया जा रहा है कि वह देहरादून में भी धमाके करने के लिए जगह की तलाश में ही आया था। दिल्ली में जब स्पेशल सेल ने हारिस के साथियों को गिरफ्तार किया तो उनका उत्तराखंड कनेक्शन निकला। पता चला कि दोनों साथी 2021 में काफी समय तक ऊधमसिंहनगर में रहे थे। कुछ समय पहले ऊधमसिंहनगर में भी एनआइए और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की थी। हालांकि, यहां से ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई थी। पढ़ाई के लिए देहरादून से निकले हारिस ने फिर कभी अपने परिवार वालों की सुध नहीं ली। उसने अलीगढ़ में ही रहते हुए सिवान, बिहार की एक युवती से शादी कर ली। उसके इस वक्त तीन बच्चे भी हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हारिस कई वर्षों से अपने बीवी बच्चों के भी संपर्क में नहीं था। उसके बीवी बच्चों से भी केंद्रीय एजेंसियों, यूपी एटीएस ने पूछताछ की थी। कई महीनों से उसके देश छोड़ने की बात कही जा रही थी। लेकिन, उसने बीते दिनों अपना ठिकाना असम को बना लिया था। वहीं पर वह कई तरह के षड्यंत्र रच रहा था। हासिम छह भाई बहनों में दूसरे नंबर का है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

श्री बाला जी भव्य दरबार
होली पर्व के उपलक्ष्य में सर्वशक्तियों का भव्य दरबार एवं फूलों व रंगों की होली में आप सादर आमंत्रित है।
दिनांक 24 मार्च 2024 दिन रविवार रात्रि 8 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट, रूद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## सीईओ ने एसबीआई में किया "वोट करेगा उत्तराखण्ड" थीम का अनावरण

देहरादून(उद संचाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने गुरूवार को देहरादून स्थित भारतीय स्टेट बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सीईओ ने "वोट करेगा उत्तराखण्ड" थीम का अनावरण किया व वहां मौजूद




समस्त बैंक कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनजागरूकता के लिए प्रयोग की जाने वाली एटीएम वैन को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस दौरान राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के एजीएम श्री राजीव पंत, एजीएम भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अमित वीर सिंह, एजीएम स्टेट बैंक राकेश प्रियदर्शी समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मी उपस्थित रहे।

## समाज के लोगों को मिले शोध एवं अनुसंधान का लाभ: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली। बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में "वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च" पर सभी कुलपतियों द्वारा किए जा रहे शोध विषयों पर अपने- अपने प्रस्तुतीकरण दिये। गौरतलब है कि पूर्व में राज्यपाल द्वारा सभी विश्र्व विद्यालय को राज्य हित में योगदान हेतु एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे जो राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध के विषय चयन किया गया है इस संबंध में सभी कुलपतियों द्वारा वर्तमान तक की प्रगति का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया। शोध हेतु विषयों में दून विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखंड में महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में जोड़ना, संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृति और भारतीय ज्ञान प्रणाली की पुर्नस्थापना: उत्तराखंड के विशेष संदर्भ में, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखंड में मधु (शहद) क्रांति की शुरूआत, एसएसजे विश्वविद्यालय द्वारा जीआईएस में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा एआई और टेक्नोलॉजी के उपयोग से राज्य के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को मजबूत करना, उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय द्वारा भंगदर बीमारी के लिए क्षारसूत्र का प्रबंधन, चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा जिला चिकित्सालयों में ट्रॉमा केयर प्रबंधन, मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांग और वंचितों को शिक्षा जागरूकता, औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा सेब, अखरोट और शहद के अधिक उत्पादन हेतु उन्नत प्रौद्योगिकियों हेतु शोध का उपयोग एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा पारंपरिक खाद्य वनस्पतियों से बायोएक्टिव औषधीय हर्बल चाय से संबंधित शोध हेतु प्रगति और आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों के शोध एवं अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले तभी इसकी सार्थकता होगी। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से जनवरी 2025 तक शोध कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## सीनियर सिटिजनों व भूतपूर्व सैनिकों के साथ गोष्ठी का किया आयोजन

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ श्रीमती रेखा यादव द्वारा गुयवार को पिथौरागढ़ क्षेत्रान्तर्गत निवासरत सम्भ्रान्त व्यक्तियों/ सीनियर सिटिजनों व भूतपूर्व सैनिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों अधीक्षक सभी लोगों को अपने आस-पास अवैध शराब, स्मैक, चरस आदि की तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को देने हेतु बताया गया ताकि उनके विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। इसके अतिरिक्त सभी को वर्तमान में हो



ने पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया तथा शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान एसपी रेखा यादव ने सभी से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी तथा उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। सभी लोगों से जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। पुलिस रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपायों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर तथा साइबर सैल में शिकायत दर्ज कराने हेतु बताया गया। अन्य किसी भी प्रकार की समस्याएं होने पर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम 9411112982 या डायल 112 पर सूचना देने हेतु बताया गया।

## फोन से बात कर रहे ड्राइवर की होटल की छत से गिरकर मौत

विकासनगर। विकासनगर में मुख्य बाजार स्थित होटल की छत से गिरने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक पुरोला उत्तरकाशी का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। परिजनों की मौजूदगी में शुक्रवार को पोस्टमार्टम की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल जोशी (30) पुत्र कुशवानंद जोशी निवासी ग्राम डेरिया थाना पुरोला उत्तरकाशी ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11.00 बजे भट्टा रोड स्थित चौहान होटल में कमरा लिया। दोपहर दो बजे उसने होटल के स्टॉफ को बताया कि वह दही लेने जा रहा है। इसके बाद वह फोन पर बात करते हुए सीढ़ियों से होता हुआ छत पर पहुंचा। फिर फोन पर बात करता हुआ ही बगल में स्थित होटल बजाज की छत पर पहुंच गया। फोन पर बात करता हुआ वह नीचे सड़क पर जा गिरा। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसे निजी वाहन से उप जिला अस्पताल विकासनगर ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी राजेश शाह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि कही युवक छत से तो नहीं कूदा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध करीब 80 मुकदमे दर्ज : एसएसपी

रुद्रपुर। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस की ओर जिले में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए लाइसेंसी शस्त्र भी जमा कराए जा रहे हैं। अब तक करीब साढ़े तीन लोगों के लाइसेंसी शस्त्र जमा भी हो चुके हैं। बृहस्पतिवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले भर में पुलिस अलर्ट मोड पर है। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए करीब 80 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। 84 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 2800 लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद की गई। अवैध शस्त्र कार्रवाई में 19 मुकदमे पंजीकृत कर करीब 16 चाकू, तीन तमंचे और तीन कारतूसों के साथ 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई में अब तक तीन केस दर्ज हुए हैं। इनमें 1002 ग्राम चरस, 16 ग्राम स्मैक व 332 कैप्सूल/इंजेक्शन बरामद कर तीन आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। एसएसपी ने 225 मामलों में 1824 व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए और कुल 28 व्यक्ति पाबंद किए गए हैं। बताया कि कहा कि लाइसेंसी शस्त्र जमा की कार्यवाही जारी है। इसमें अब तक लगभग 3500 लाइसेंसी शस्त्र जमा किए गए। शस्त्र जमा करने की कार्यवाही जारी है। उन्होंने सभी से अपने-अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने को कहा है।

## जेलों में सजा पूरी कर चुके कैदियों की रिहाई के लिए हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने 14 साल की सजा पूरी करने के बावजूद बंदियों को जेल से रिहा नहीं किए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि बृहस्पतिवार शाम तक उनकी रिहाई के संबंध में निर्णय लेकर शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे तक अपने फैसले से कोर्ट को अवगत कराएं। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी स्थित जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद जेल का दौरा किया था। वहां बंदियों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की धज्जियां उड़तीं पाईं, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि बंदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने बंदियों के मानवाधिकार को समझते हुए जेल प्रबंधनों से ऐसे कैदियो की सूची मांगी थी, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है। प्राप्त सूची में 167 ऐसे कैदी मिले जो अपनी 14 साल की सजा पूरी कर चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें रिहा नहीं किया जा रहा है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई की। नवनियुक्त गृह सचिव दिलीप जावलकर ने भी ऑनलाइन सुनवाई में हिस्सा लिया।

## 120 पाउच शराब पकड़ी, तस्कर हुआ फरार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने 120 पाउच कच्ची शराब सहित एक मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया है जबकि मोटरसाइकिल सवार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात्रि पुलिस को सघन चेकिंग के दौरान शंकर फॉर्म बस्ती की ओर से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। अचानक पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल चालक तेजी से वापस होने लगा जिससे उसकी मोटरसाइकिल गिर गई। मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल को मौके पर ही



छोड़कर भागने लगा पुलिस टीम ने पीछा किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। मोटरसाइकिल कब्जे में लेने के बाद जब मोटरसाइकिल को चेक किया गया तो मोटरसाइकिल के सीट पर बने प्लास्टिक के कट्टे में 120 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 डी 4071 को कब्जे में लेकर मुकदमा पंजीकृत कर अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर दिया है। कार्रवाई में थाना अध्यक्ष, रविंद्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल दीपक बिष्ट, कांस्टेबल महेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया होली उत्सव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में होली का उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर आशा राणा द्वारा नए वोटर छात्र-छात्राओं से आह्वान किया गया कि वह सुरक्षित होली पर्व मनाने के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ साथ महिलाओं, दिव्यांगों तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को



भी शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अबीर गुलाल लगाकर सभी ने रंगों के पर्व होली की एक दूसरे को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाजपा करेगी धुंआधार प्रचार: पूर्व सैनिकों, खिलाडियों, डॉक्टरों के सम्मेलन होंगे

## उत्तराखंड के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 7000 नुक्कड़ सभाएं करेगी भाजपा : महेंद्र भट्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा एक अप्रैल से छह अप्रैल तक प्रदेश में बड़ी चुनावी सभाओं के साथ सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 7000 नुक्कड़ सभाएं करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश मीडिया सेंटर में ब्रीफिंग करते हुए बताया कि इन नुक्कड़ सभाओं में हर सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से शिरकत करेगा। इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद विधायक समेत 7000 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से ये कार्यक्रम सौंपा है। भट्ट ने लाभार्थी संपर्क अभियान के बारे में बताया कि 270 मंडलों में 5040 कार्यकर्ताओं के प्रयास से अब तक 1027285 से संपर्क किया गया। उत्तराखंड इस अभियान में देशभर में चौथे स्थान पर आया है। प्रति कार्यकर्ता 10 लाभार्थी के लक्ष्य के सापेक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष जफर आलम अंसारी ने सबसे अधिक 87 लोगों से संपर्क किया। किसान मोर्चा की अंजू देवी ने 81 एवं युवा मोर्चा के डॉ. नीरज पंत ने 80 लोग लाभार्थियों से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि पार्टी इन चुनाव में एक नए अभियान मैं भी हूं पन्ना प्रमुख कार्ययोजना के साथ उतर रही है। इसे तहत बूथ संपर्क की स्थिति तक प्रत्येक पन्ने पर जो भी पदाधिकारी का नाम दर्ज होगा वह वहां की बैठकों में शामिल होगा। साथ ही पन्ना प्रमुख सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी को अपलोड करेगा। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को प्रदेश स्तर पर सभी सुझाव प्राप्त हो जाएंगे। संकल्प रथ, संकलन कमेटी, विभिन्न कार्यक्रमों एवं ऑनलाइन से प्राप्त हुए सभी सुझावों को, संकल्प पत्र कमेटी द्वारा प्रदेश एवं राज्य के मुद्दों के हिसाब से अलग-अलग किया जाएगा। इन सुझावों को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा जाएगा जिसके आधार पर पार्टी का घोषणा पत्र तैयार होगा। पार्टी पूर्व सैनिकों का सम्मेलन देहरादून, श्रीनगर, हल्द्वानी और रुड़की में करेगी। वकीलों एवं विधि विशेषज्ञों से संपर्क के कार्यक्रम होंगे। केंद्र व राज्य के सेवानिवृत कर्मचारी के सम्मेलन देहरादून, हल्द्वानी और हरिद्वार में होंगे। प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं उससे जुड़े वर्गों के सुझाव के लिए देहरादून एवं हल्द्वानी में सुझाव लिए जाएंगे। चिकित्सकों के साथ देहरादून, ऋषिकेश, रुड़की, हल्द्वानी व काशीपुर संवाद होगा। धर्म संस्कृति सम्मेलनों के तहत कथा वाचक व्यास पंडा-पुजारी समुदाय एवं पूजा पद्धति से जुड़े लोगों से हरिद्वार, ऋषिकेश, जोशीमठ और देवप्रयाग में चर्चा होगी।



## धामी सरकार के दो साल पूर्ण होने पर जिला मुख्यालयों पर होंगे कार्यक्रम, सभी कैबिनेट मंत्री करेंगे प्रेस वार्तायें

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश की धामी सरकार शनिवार को दो साल का कार्यकाल पूर्ण कर रही है। सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के प्रचार के लिए सभी 19 सांगठनिक जिलों में प्रेस वार्ताएं और गोष्ठियां करने का फैसला किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी सरकार के सभी मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद ये प्रेस वार्ताएं करेंगे। पार्टी ने जिला मुख्यालयों पर होने वाले इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले इन सभी नेताओं की सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह देहरादून महानगर में प्रेस वार्ता करेंगे, जबकि देहरादून ग्रामीण के कार्यक्रम में सांसद माला राज्यलक्ष्मी को शामिल होना है। इनके अलावा कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल उत्तरकाशी में, गणेश जोशी चमोली में, सतपाल महाराज रुद्रप्रयाग में, सुबोध उनियाल टिहरी में, पौड़ी गढ़वाल में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्य अल्मोड़ा में, सौरभ बहुगुणा ऊधम सिंह नगर में कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। ऋषिकेश में सांसद नरेश बंसल, हरिद्वार में पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रेस वार्ता करेंगे। रुड़की में हरिद्वार सीट के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की जनसभा होगी। इनके अलावा पिथौरागढ़ में अजय टम्टा, कोटद्वार में पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, बागेश्वर में प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, रानीखेत में राजेंद्र बिष्ट, चंपावत में सुरेश जोशी, नैनीताल में सांसद अजय भट्ट व काशीपुर में बंशीधर भगत प्रेस वार्ताएं करेंगे। इन कार्यक्रमों में लोस प्रभारी, सह प्रभारी, लोस संयोजक व सह संयोजक, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ पदाधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। गोष्ठी में समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों को शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलाध्यक्षों व प्रमुख पदाधिकारियों को ताकीद किया गया कि वे मुख्य वक्ताओं से समन्वय स्थापित कर प्रेस वार्ताएं और गोष्ठियां आयोजित करें।



# निष्पक्ष होकर करें दायित्वों का निर्वहन: शंकर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। व्यय तंत्र में तैनात सभी अधिकारी व टीमें तटस्थ होकर सक्रियता से कार्य करना सुनिश्चित करेगें तथा निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन का अक्षरस: पालन करना सुनिश्चित करेगें। यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में तैनात व्यय प्रेक्षक टी. शंकर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुए व्यय अनुविक्षण तंत्र के अधिकारियों को दिये। प्रेक्षक श्री शंकर ने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाताओ को प्रलोभन देने वाले वस्तुओ मदिरा, धन-बल को रोकना है ताकि सभी प्रत्याशियों को समान मंच मिल सकें। उन्होने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी तटस्थ होकर अपने दायित्वो का निर्वहन करें। उन्होने कहा तटस्थ होकर कार्य करना धरातल पर दिखना भी चाहिए। उन्होने कहा सभी अधिकारी पारदर्शिता से कार्य करे तथा हस्तपुस्तिका का पूर्ण अध्ययन कर लें ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पडें। उन्होने कहा सभी एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी टीमे सतर्क होकर पैनी नजर रखते हुए कार्य करें तथा समय पर अपनी-अपनी रिर्पोट प्रतिदिन नोडल व्यय को देना सुनिश्चित करें ताकि प्रत्याशी व्यय का ससमय अंकन किया जा सकें। उन्होने कहा कि प्रत्याशी की रैलियों की वीडियोग्राफी भलिभांति करें ताकि वीवीटी टीम रैली की वीडियों देखकर व्यय का सही से आंकलन कर सकें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि एसएसटी व एफएसटी टीमें सक्रियता से काम करे व नाकों पर पैनी नजर रखे व संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करते समय वाहनों की गहनता से जांच करें, जांच व किसी प्रकार की सामाग्री मिलने पर सीजर की वीडियोग्राफी भी अवश्य करायी जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी नामांकन से पूर्व अपना नया बैंक खाता खोलेगें, निर्वाचन के दौरान इसी बैंक खाते से धनराशि का लेन-देन होगा। उन्होने कहा कि स्टार प्रचारकों के भ्रमण, हैलीपैड, सभास्थलों पर भी पैनी नजर रखी जाये। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी अथव समस्या आने पर वे उनसे सीधे बात कर सकते है। बैठक में नोडल व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल ने प्रेक्षक को विस्तृत जानकारियां दी।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल अधिकारी तेज सिंह, नोडल अधिकारी इएमएस अनिल सिंह चौहान, सहायक व्यय प्रेक्षक अरविन्द्र कुमार, रतनेश कुमार, राजीव वर्मा, मोहन सिंह बिष्ट, फराज अली, राजेन्द्र कुमार, नारायण सिंह मेहता, ललित, आरएस बरफाल, संजय मीणा, कमलेश गहलोत सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।








# हरिद्वार और नैनीताल सीट से कांग्रेस के उम्मीदवारों के नामों पर बनी सहमति

देहरादून। हरिद्वार और नैनीताल सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। लोकसभा चुनाव में हरिद्वार लोकसभा सीट से हरीश रावत और नैनीताल से महेंद्र पाल उम्मीदवार हो सकते हैं। नई दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ कई दौर की बैठकों के बाद दोनों नामों पर सहमति बन गई है। शुक्रवार को कांग्रेस हाईकमान दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा कर सकती है। पिछले कई दिनों से चल रही माथापच्ची के बाद दोनों नामों पर सहमति बन चुकी है। यदि कोई बड़ा राजनीतिक बदलाव नहीं होता है तो हरिद्वार सीट से एक बार चुनाव जीत चुके पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत प्रत्याशी हो सकते हैं। अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हरीश रावत को केंद्रीय नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिए मना लिया है। उधर नैनीताल सीट पर पूर्व सांसद महेंद्र पाल के नाम पर सहमति बन गई है। गुरूवार को केंद्रीय चुनाव समिति ने कई राज्यों के लोसकभा सीटों पर उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। अब शुक्रवार को पार्टी दोनों पूर्व सांसदों को प्रत्याशी बनाने की घोषणा कर सकती है।

# मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम और वीवीपैट का दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता, सुचारू व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पंतनगर के गॉधी हॉल में प्रथम चरण प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस मतदान अधिकारियों के साथ ही जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेट को भी मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान हेतु सैद्धांतिक व व्यवहारिक ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। गुरूवार को मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होने ईवीएम, वीवीपैट प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। उन्होने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिये कि वे मतदान कार्मिकों को ईवीएम संचालन में पूर्ण रूप दक्ष करें। उन्होने कहा कि ईवीएम संचालन में कार्मिकों जो भी शंका हो उसका मौके पर ही सामाधान किया जाये ताकि मतदान सुचारू व निर्वाध सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होन मतदान कार्मिकों से भी गहनता से ईवीएम का हैण्डस्ऑन एवं सैद्धांतिक लेने को कहा ताकि मतदान दिवस पर किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है, इसलिए ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है उनको भलीभांति सीख लें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आर्दश आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। उन्होंने कहा कि मॉक पोल अनिवार्य रूप से कराना हैं व मॉक पोल कराकर निर्धारित समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा मतदान प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल अपने सेक्टर एवं जोनल के साथ ही कन्ट्रोल रूम व सहायक रिटर्निंग आफिसर को देंगे व प्रति दो घण्टें मतदान की सूचना भी अनिवार्य रूप से देगें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाए। नोडल प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल व मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा सहित सैक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट व मतदान अधिकारी उपस्थित थे।



# जोत सिंह गुनसोला 26 और प्रदीप व गोदियाल 27 मार्च को करेंगे नामांकन

देहरादून। उत्तराखंड की तीन सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन की तिथि तय कर ली गई है। गढ़वाल संसदीय सीट से प्रत्याशी गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा 27 मार्च को नामांकन करेंगे, जबकि टिहरी सीट से प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला 26 मार्च को नामांकन करेंगे। हालांकि अभी तक प्रत्याशियों के नामांकन में दिल्ली से पार्टी के किसी बड़े नेता के आने का कार्यक्रम नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी प्रत्याशियों के नामांकन में मौजूद रहेंगे। हरिद्वार और नैनीताल सीट पर कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। टिहरी, गढ़वाल और अल्मोड़ा सीट से पार्टी प्रत्याशियों ने नामांकन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया, प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे। गढ़वाल और अल्मोड़ा सीट पर एक ही नामांकन होने से पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। सड़क मार्ग से पौड़ी से अल्मोड़ा पहुंचना संभव नहीं है।

# बसपा ने तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जहां पांचों सीटो पर उम्मीदवार उतार दिये है तो वहीं कांग्रेस के तीन उम्मदवारों के बाद अब बसपा ने भी राज्य में लोकसभा की तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। उधर हरिद्वार में शुक्रवार को भावना पांडे बसपा में शामिल होंगी। वह हरिद्वार से बसपा की प्रत्याशी हो सकती हैं। शुक्रवार को ही हरिद्वार व नैनीताल सीटों पर प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा होगी। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल ने बताया, हाईकमान से मिली सहमति के बाद गढ़वाल सीट पर धीर सिंह बिष्ट, टिहरी पर नेमचंद छुरियाल और अल्मोड़ा सीट पर नारायण राम बसपा के लोकसभा प्रत्याशी होंगे। बताया, शुक्रवार को रुड़की में आयोजित कार्यक्रम में जनता कैबिनेट पार्टी की केंद्रीय अध्यक्ष भावना पांडे अपनी पार्टी का विलय करते हुए बसपा में शामिल होंगी। बताया जा रहा कि बसपा हरिद्वार से भावना को चुनाव मैदान में उतार सकती है। हालांकि, शुक्रवार को ही इसकी औपचारिक घोषणा होगी। वहीं, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर भी बसपा शुक्रवार को अपना प्रत्याशी घोषित करेगी।

# जनता का मन प्रधानमंत्री मोदी के साथ: अजय भट्ट

## नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा का सोशल मीडिया सम्मेलन सम्पन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वालिंटियर सम्मेलन का आयोजन गिल रिजॉर्ट में हुआ, जहाँ भाजपा संगठन की दृष्टि से नैनीताल, उधम सिंह नगर व काशीपुर जिले के सोशल मीडिया के सैकड़ो कार्यकर्ता जुटे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने सोशल मीडिया की हमारी सेना जो सदैव पार्टी की विचारधारा को सरकार की रीति नीति को धरातल पर उतराने के लिये महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है,,मंत्री बहुगुणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और यहां सोशल मीडिया सम्मेलन में हमको संकल्प लेकर लेकर जाना है और कमल के फूल वाली भारतीय जनता पार्टी की जीत परचम लहराना हैं ऊन्होने कहा जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी को प्रत्याशी ढूढने में पसीने छूट जा रहे हैं जो दर्शाता है कि कांग्रेस से जनता का विश्वास ऊठ चुका है और देश मोदी के साथ पूरी ताकत के साथ लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत 5 लाख से सुनिश्चित करने के लिये अपना समर्पित मोदी सरकार को पुन: जीतने के लिये देगें। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया के यह वॉलिंटियर्स मेरी ताकत है जो दिन रात हमारी सरकार हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र बड़ी भूमिका सोशल मीडिया की भी है जो उनको विश्व के कोने कोने में दुनिया जान रही है उनके कार्यो का लोहा मान रही है। भट्ट ने सम्मेलन में कहा कि अगले एक माह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए सोशल मीडिया में भाजपा के पक्ष में क्रांन्ति लेने का कार्य दिखाते हुए उत्तराखंड में भाजपा को अजेय बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के ऐसे अनेको योजाएँ कार्य है जो आम जन तक हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से माध्यम से प्रसारित करना है। कार्यक्रम संचालन सोशल मीडिया लोकसभा सयोजक योगेश वर्मा ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक





कहा कि सोशल मीडिया का यह सम्मेलन हमारे प्रचार प्रसार को अन्तिम पायदान पर ले जाने के लिये बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाला है उन्होंने पूरी लोकसभा क्षेत्र से आये सभी कार्यकर्ताओं का रुद्रपुर आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिये आये उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसमे जाना है कि सोशल मीडिया की तकनीक का बेहतर ऊपयोग करते हुए हमारे प्रत्याशी अजय भट्ट व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक गतिविधियों को जन जन तक पहुचना है, और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नैनीताल लोकसभा से ऐतिहासिक मतों से अजय भट्ट की जीत सुनिश्चित करनी हैं। बहुगुणा ने कहा कि हमारी केंद्र की मोदी सरकार के दस साल के स्वर्णिम कार्यो ओर प्रदेश की धामी सरकार की राज्य हित मे लिये गये निर्णय को जन जन तक खड़ा है। स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने सम्मेलन में कहा कि आधुनिक युग मे भारतीय जनता पार्टी का बहुत बड़ा प्रचार का माध्यम सोशल मीडिया मना जाता है और यह सोशल मीडिया के वोलेंटियर भाजपा को घर घर तक ले जाने के लिये दिन रात मेहनत करते हैं और लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से होना है इसलिए सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि वह एक माह अपना शत प्रतिशत पार्टी हित मे भाजपा को जिताने व मोदी के कार्यो को जन जन तक पहुँचा रहे हैं, भट्ट ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनने का चुनाव है और यह सोशल मीडिया की सेना भारतीय जनता पार्टी एनडीए को 400 पार लेकर जायेगी ऐसा पूर्ण विश्वास है, भट्ट ने कहा कि देश की जनता मन बना चुकी है कब मतदान हो ओर वह कमल के फूल वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को केंद्र में बनाये। भट्ट बोले आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है तो इसमें बहुत सभी को। करना है और उत्तराखंड की पाँचो सीटे पांच लाख के अंतर से जीतते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में सोशल मीडिया को प्रदेश से प्रशिक्षण देने आये प्रदेश सोशल मीडिया सयोजक नवीन ठाकुर ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का है और प्रचार का बहुत बड़ा माध्यम सोशल मीडिया बन गया है जिसका उपयोग हम सभी सदैव भाजपा हित मे करते आये हैं और इस लोकसभा चुनाव में भी हमने अपनी ताकत को शिव अरोरा,लोकसभा सयोजक विवेक सक्सेना, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, दर्जामंत्री दिनेश आर्य,पूर्व मेयर। रामपाल,क्लस्टर हेड प्रदीप बिष्ट, गंधार अग्रवाल, विकास बठला,चंदन बिष्ट, रश्मि रस्तौगी, शालनी बोरा,अमित नारंग, फरजाना बेगम , मोहन तिवारी, मंयक कक्कड़, लक्ष्मण खाती, बिट्टू चौहान, पंकज शर्मा, आदेश भरद्वाज, गिरीश पाल,धर्म सिंह कोली, राज कोली, जितेंद्र संधू, शंकर विश्वास, विजय डे, विकास कुकरेजा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक पांडेय ने लिया होली पर्व ना मनाने का निर्णय

गदरपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सन्तोषनगर स्थित कैम्प



कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए विधायक अरविंद पांडे ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा एवं संघ परिवार के अनेकों परिवारों में उनके परिजनों के आकस्मिक निधन से जो क्षति हुई है उनके निमित्त इस वर्ष वह होली के उत्सव को नहीं मनायेंगे। उन्होंने परिजनों को याद करते हुए कहा कि नगर संघ संचालक दीपक सुधा एवं पंजाबी सभा के नगर अध्यक्ष किशन सुधा की माता राजरानी ,वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं संरक्षक हरिश्चंद्र मुरादिया वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर के पिता ,वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र शर्मा नरेश शर्मा की माता एवं जीजा,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के ससुर ,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम गाबा की माता,हुड़िया परिवार के युवा पुत्र श्रेया हुड़िया ,वरिष्ठ भाजपा नेता मंगतराम गण्डा के युवा पुत्र अनमोल,पूर्व सभासद राजेश सक्सेना की माता ,पूर्व सभासद मिथिलेश चौधरी के पोते ,भाजपा कार्यकर्ता सतीश कोचर किशन कोचर की माता ,भाजपा कार्यकर्ता सूरज गाबा की माता वरिष्ठ भाजपा नेत्री राजबाला चौहान की जेठानी व राकेश चौहान की माता,भाजपा कार्यकर्ता गोपाल कश्यप के पिता,वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल शर्मा की बहन,भाजपा कार्यकर्ता मेघराज कारीगर की पत्नी,सूरजपुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता अंकुश गाबा के पिता, भाजपा नेता धर्मेंद्र लहरी की पत्नी ,सरदार नगर भाजपा कार्यकर्ता अंकित खेड़ा की माता , वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम नगर निवासी बिनु गुम्बर की माता,भाजपा कार्यकर्ता राजन बजाज भाजपा कार्यकर्ता मनचंदा की माता सहित परिवारों में अनेकों प्रिय जनों के आकस्मिक निधन से पूरा भाजपा व संघ परिवार इस समय दुख की स्थिति में है।अत: सब चीजों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने होली उत्सव ना मानने का निर्णय लिया है तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि समस्त दुखित परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। परमपिता परमात्मा सभी पुण्य आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

## अधिकारियों व नेताओं संग होली गीतों पर थिरके पत्रकार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, कांग्रेस नेता ललित जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा नेता प्रमोद तोलिया सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री और प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने शिरकत की। लोक गायिका खुशी जोशी और गोविंद दिगारी ने होली के गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। होली के गीत पर पत्रकारों के साथ ही राजनेता भी जमकर थिरकते नजर आए। सबने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा हर साल होली का आयोजन किया जाता है। इस दौरान महिलाओं के ग्रुप ने बैठकी होली भी गाई। यूनियन के



महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है और हम सभी को रंगों के त्योहार होली को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष तारा चंद जोशी, गणेश जोशी, गोविंद सनवाल,मनोज आर्या,हर्ष रावत, दीपक अधिकारी, डॉ एएन तिवारी, गोविंद बिष्ट, पुष्कर अधिकारी, हरीश पांडे, भावनाथ पंडित, विजय पाल, विनोद कुमार, राहुल सिंह दरमवाल, अंशुल डांगी समीर बिसारिया, गुड्डू रजवार सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## कॉर्बेट पार्क में अवैध पातन के मामले में पकड़े दो तस्कर

### लापरवाही बरतने पर दो वनकर्मी निलंबित

रामनगर (उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के अन्तर्गत बेला भागर ब्लॉक क्षेत्र में 36 यूकेलिप्टिस पेड़ों का अवैध पातन करने वाले 2 तस्करों को कॉर्बेट प्रशासन ने पकड़ लिया। साथ ही लापरवाही बरतने पर 2 वनकर्मियों को निलंबित किया गया है। बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत पड़ने वाले ढेला रेंज के बेला भागर ब्लॉक, पथरूवा पूर्वी बीट,कक्ष संख्या-6 के बफर क्षेत्र में कॉर्बेट प्रशासन को 2 दिन पूर्व सूचना मिली थी कि कुछ तस्करों द्वारा भारी मात्रा में यूकेलिप्टिस के पेड़ों का कटान किया गया है। सूचना पर कॉर्बेट प्रशासन ने जांच शुरू की। इसी क्रम में कॉर्बेट प्रशासन ने लकड़ी कटान करने वाले दो वन गुजरों को 36 यूकेलिप्टिस बल्लियों के साथ गिरफ्तार



किया है। जानकारी देते हुए कॉर्बेट पार्क के डायरेक्टर डॉ धीरज पांडे ने बताया कि 2 दिन पूर्व ढेला रेंज के बफर क्षेत्र में स्थित यूकेलिप्टस के पेड़ों का अवैध पातन किया गया था। डायरेक्टर ने कहा कि सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी बेला द्वारा तत्काल टीम गठित कर त्वरित छापेमारी एवं धर-पकड़ की कार्यवाही की जा रही थी। छापेमारी के दौरान अवैध पातन में संलिप्त मोहम्मद गफूर पुत्र गुलाम रसूल, निवासी ग्राम कुमुगडार, रामनगर व शमशेर अली पुत्र आलम गीर, निवासी ग्राम कुमुगडार, रामनगर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों से काटी गई यूकेलिप्टिस बल्लियां भी बरामद गयी। उनके पास से इस्तेमाल में ली गयी 2 बुग्गी एवं एक मोटर साईकिल भी बरामद कर इन्हें संगत वन अधिनियमों के प्राविधानों के अन्तर्गत जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अवैध पातन में सम्बन्धित सैक्शन के वन दरोगा एवं वन आरक्षी की लापरवाही मानते हुए वन रक्षक गोधन सिंह एवं वन दरोगा भरत सिंह गोसाई को निलंबित किया किया गया है। दोनों ढेला रेंज में तैनात थे । साथ ही उन्होंने कहाँ कि 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट की समक्ष प्रस्तुत्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही प्रकरण की जाँच उप प्रभागीय वनाधिकारी,कालागढ़ द्वारा की जा रही है।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार आगामी लोक सभा निर्वाचन के दौरान प्रचलित आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत उनि. बबीता, व कानि. ललित मेहरा चौकी मण्डी ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम पता अब्बास पुत्र हबीब नूर निवासी इन्द्रा



नगर बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर अब्बास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## गुरूद्वारे के पाठी ने पुत्र व पुत्रबधु पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सीनियर सिटीजन एवं गुरूद्वारे के पाठी ने अपने पुत्र व पुत्रवधू से जान का खतरा बताते हुये एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। खजान सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी-बरकीड़ाड़ी ने एएसपी को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र अमरजीत व उसकी पत्नी उन्हें आए दिन परेशान करती है। उम्र का हवाला देते हुये पाठी ने कहा कि वह 76 वर्ष की उम्र में धार्मिक कार्यक्रमों एवं गुरूद्वारे में पाठ का कार्य कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। उन्होंने एसएसपी को भेजे शिकायत पत्र में पुत्र व पुत्रवधू पर गाली गलौच व मारपीट का आरोपलगाते हुये कार्यवाही की मांग की है।

## संदिग्ध हालातों में युवती लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवती बेहद संदिग्ध



परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला नई बस्ती कटोराताल निवासी सुशील कुमार की 17 वर्षीया पुत्री कशिश बीते 21 मार्च को तड़के लगभग 4 बजे परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई जिसे तमाम तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू किया है।

## खाईबाड़ी करता एक सटोरिया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कर्मी चैकिंग के दौरान गोल मडैया पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिलने पर श्मशान घाट भूमि रोड़ पर गये जहां एक दुकान के बाहर लोगों की भीड़ लगी देखी। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर वहां खाईबाड़ी कर रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेश रस्तोगी पुत्र रघुनन्दन रस्तोगी निवासी शमशान घाट रोड़ वार्ड 7 आजादनगर थाना ट्राजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 1580 रुपये, सट्टा पर्ची आदि सामान बरामद हुआ। पूछताछ में राजेश ने बताया कि वह यहां पर सट्टा लगा रहा था। इसमें थोड़ा बहुत पैसा बच जाता है। जब पैसा इकठ्ठा हो जाता है तो आगे को भेज देता है। यहां पर फरीदाबाद व गाजियाबाद का सट्टा लगाया जाता है। पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आर्थिक विकास और स्वरोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में देश के गरीब तबके के लोगों के आर्थिक विकास के साथ ही उनके लिए कई कल्याणकारी योजनायें भी लागू की गई है। देश से गरीबी का दंश समाप्त करने के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। स्वरोजगार के लिए अनुदान के साथ बैंको से पात्र लोगों को ऋण उपलब्ध कराये जा रह हैं। यानी कि सरकार अमीरी गराबी के फासले को कुछ कम करने के लिए निरंतर जुटी हुई है। वहीं देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी सरकार जुटी हुई है। जिस दौर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों का हवाला देकर विकास के कामयाब सफर का दावा किया जा रहा हो, उसमें असमानता की खाई गहरे होते जाने की खबरें हैरान करती हैं। एक ओर सरकार देश की आर्थिक तस्वीर में लगातार बेहतरी आने की बात करती है, दूसरी ओर आंकड़ों के साथ ऐसे तथ्य सामने आते हैं कि यहां की कुल संपत्ति के एक तिहाई से काफी ज्यादा हिस्से पर चंद लोगों का कब्जा है। निश्चित रूप से यह विकास के तमाम दावों के बीच नीतिगत स्तर पर एक बड़ी खामी का सबूत है कि आबादी का ज्यादातर हिस्सा एक छोटे घेरे में सिमट रहा है। गौरतलब है कि थामस पिकेटी सहित तीन अर्थशास्त्रियों की ओर से जारी 'भारत में आये और संपदा में असमानता, 1922–2023 : अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 2022–23 में देश की सबसे अमीर एक फीसद की आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 फीसद हो गई है, वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी में 40.1 फीसद तक पहुंच गई है। यों देश की कुल संपत्ति पर बहुत छोटे हिस्से के बढ़ते कब्जे को लेकर इस तरह का यह कोई पहला आंकड़ा नहीं है, मगर इस स्थिति के लगातार बने रहना क्या बताता है? आजादी के बाद 1980 के दशक की शुरुआत तक अमीर और गरीबों के बीच आय और धन के अंतर में गिरावट देखी गई थी। मगर उसके बाद इसमें इजाफा होना शुरू हुआ। रिपोर्ट में सबसे धनी लोगों पर उचित अनुपात में कर लगाने का सुझाव दिया गया है, ताकि एक औसत भारतीय भी तरक्की कर सके। सवाल है कि अगर सरकार सबके विकास का नारा देती है, तो उसके बरक्स ऐसी तस्वीर क्यों बनी रहती है कि महज एक फीसद लोग देश के चालीस फीसद संसाधनों या संपत्ति के मालिक हो जाते हैं। इसके उलट, 2022–23 में देश के निचले पचास फीसद लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ पंद्रह फीसद हिस्सा था। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। जाहिर है, यह देश की नीतियों का जमीनी हासिल है, जिसमें सबसे अमीर तबका लगातार धनी होता जा रहा है, वहीं बाकी लोगों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होती जा रही है। जो स्वाभाविक रूप से सरकार के कार्यों की वास्तविकता को प्रदर्शित कर रही है। सरकार द्वारा जन धन योजना के तहत पात्र लोगों के खातों में धनराशि जमा कराई जा उरही है वहीं किसानों कें खातों में भी कई बार करोड़ों की धनराशि जमा कराई जा चुकी है। जिसका मुख्य मकसद ऐसे लोगों को आर्थिक परेशानियों से न जूझना पड़े। वहीं देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर आयात निर्यात नीति बनाकर देश में हर वस्तु के उत्पादन को बढ़ावा देने का भी प्रयास किये जा रहा हैं। स्थानीय उत्पादकों को हर प्रकार से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके बावजूद रिपोर्ट के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था कुछ ही लोगों तक सीमित हो कर रह जाना वास्तव में विचारणीय है। ऐसे लोगों की सम्पत्ति आय में काफी वृद्धि दर्ज किया जाना इस बात को परिलक्षित करता है कि वास्तविक विकास चंद पूंजीपतियों तक ही सीमित होकर रह गया है। आर्थिक समानता के दावे महज दिखावे के साबित हो रहे हैं।

# 'शक्ति' के विनाशक और उपासक बना चुनावी मुद्दा!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष के नेता द्वारा दिए बयान को पकड़कर मुद्दा बनाने में सिद्धहस्त हैं। वैसे तो राजग के पक्ष में राम लहर पूरे देश में छाई हुई है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराना पहले से ही एक मुद्दा बना हुआ है। अब राहुल गांधी ने एक बार फिर गलत बयानी करके मोदी को एक बड़ा मुद्दा शक्ति की देवी दुर्गा बनाम भारत की आधी आबादी के रूप में स्त्री–शक्ति के विरोधस्वरूप बैठे–ठाले दे दिया है। दरअसल राहुल ने मोदी पर प्रहार करने के नजरिए से भारत जोड़ों न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में बोल दिया कि 'हिंदू धर्म में एक 'शक्ति' शब्द होता है और हम शक्ति से लड़ रहे हैं।' यह सही है कि राहुल अपनी पूरी ताकत और आक्रामकता के साथ मोदी से लड़ रहे हैं। विपक्ष के प्रमुख नेता होने के नाते उनकी मोदी से राजनीतिक लड़ाई उचित है। लेकिन हिंदू धर्म की देवी दुर्गा के प्रतीक शब्द शक्ति अब न केवल उन्हें, बल्कि कांग्रेस और समूचे विपक्ष पर भारी पड़ने जा रहा है। वैसे भी इसी चुनाव समर के दौरान अप्रैल माह में चौत्र नवरात्र आरंभ होकर 9 दिन बाद समाप्त होंगे। मोदी देवी दुर्गा के उपासक हैं। अतएव इस शब्द को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तेलंगाना के जगतियाल में एक सभा में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है। मेरे लिए हर मां–बेटी शक्ति स्वरूपा है। मैं आपकी (महिलाओं) शक्ति के रूप में पूजा करता हूं। भारत मां का पुजारी हूं। मैं अपनी शक्ति रूपा सभी बहन–बेटियों का पुजारी हूं। जिन लोगों ने अपने घोषणा–पत्र में शक्ति को समाप्त करने के लिए कहा है, मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं, मैं शक्ति स्वरूपा माता व बहनों के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। अपना जीवन खपा दूंगा।' उन्होंने आगे कहा कि 'पूरा देश शक्ति की आराधना करता है और उनकी सरकार ने तो चंद्रयान की सफलता को भी शिव–शक्ति स्थल नाम दिया है और ये लोग विनाश का बिगुल फूंक रहे है।' प्रधानमंत्री ने यहां विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि मुंबई के शिवाजी पार्क में शक्ति के विनाश का ऐलान हुआ है, ऐसे में बालासाहेब ठाकरे की आत्मा को कितना दुख पहुंचा होगा ?यह वह भूमि है जहां का बच्चा–बच्चा जन्म से जय भवानी, जय शिवाजी का जयकारा लगाता है। यह पहली बार नहीं है, जब सोनिया और राहुल गांधी समेत अन्य कांग्रेसी नेताओं के बयान अर्थ का अनर्थ कर देने की पृष्ठभूमि रच रहे हैं। सोनिया ने 2007 में गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' कहा था। इस दौरान मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने इसका जवाब कड़े लहजे में देते हुए कहा था कि 'मौत के सौदागर वो हैं, जो संसद पर हमला करने वालों को फांसी की सजा से बचा रहे हैं।' सोनिया के इस बयान से कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ा और भाजपा सरकार बनाने में सफल रही। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटों वाली गुजरात विधानसभा में 117 सीटें मिली थीं। कांग्रेस केवल 59 सीटें जीत पाई थीं। 2014 के आम चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कह दिया था कि 'मोदी कांग्रेस दफ्तर के बाहर चाय बेचें।' मोदी ने इस बयान का हवाला देते हुए मुद्दा बनाया कि यह भारतीय संविधान और लोकतंत्र की खासियत है कि एक चाय बेचने वाला मुख्यमंत्री बन सकता है और प्रधानमंत्री का चुनाव लड़ सकता है। इसी चुनाव में राहुल गांधी ने मोदी पर जहर की खेती करने का आरोप लगाया था। इस बयान को मोदी और भाजपा ने ऐसा कारगर हथियार बनाया कि कांग्रेस को जबरदस्त मुह की खानी पड़ गई थी। भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ 278 सीटों पर जीत मिली और वह पहली बार केंद्रीय सत्ता में आई। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई थी। परिणामरूवरूप उसने संसद में विपक्ष का नेता बनने का संवैधानिक अधिकार भी खो दिया था। 2017 में मणिशंकर अय्यर ने मोदी को 'नीच इंसान' कहने की बड़ी भूल कर दी थी। मोदी ने एक जनसभा में इसका उत्तर देते हुए कहा कि 'आपने हमें नीच कहा, निचली जाति का कहा, ये नतीजे दिखाएंगे कि गुजरात के बेटे को ऐसा कहना कितना भारी पड़ेगा। इस बयान के बाद कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। कांग्रेस यहां सत्ता परिवर्तन के करीब पहुंच गई थी, लेकिन अटक गई। राहुल ने 2019 की एक चुनावी रैली में मोदी को राफेल लड़ाकू विमान सौदे को घोटाले का जुम्मेबार ठहराते हुए चौकीदार चोर कह दिया था। इसी तरह 2022 में गुजरात चुनाव के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विवादित बयान देते हुए मोदी को अनेक चेहरों वाला रावण कह दिया था। इस बयान का दुष्परिणाम भी कांग्रेस को हार के रूप में झेलना पड़ा था। पाकिस्तान आश्रित आतंकवादियों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद राहुल ने इस स्ट्राइक के प्रमाण तो मांगे ही, खून की दलाली करने का बयान भी दे डाला। जो कांग्रेस पर भारी पड़ा था। बावजूद राहुल समेत कांग्रेसी नेता है कि कई बार मुंह की खाने के बाद भी अनर्गल बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब शक्तिरूपा दुर्गा के विनाश का बयान देकर राहुल ने फिर बड़ी भूल की हैं। मोदी ने अपने बयान में इस शक्ति का रूपांतरण भारत की महिला शक्ति में कर दिया है। लोकसभा चुनाव में वे इसे भुनाएंगे। मध्यप्रदेंश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की चुनाव में जीत का कारण यही महिला शक्ति थी। दैवीय शाक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी शाक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। मार्कंडेय पुराण में प्रकाश और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाश पुंज देखा, जो एक विशाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाश भर गया था। फिर यह प्रकाश पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक शरीर के रूप में अस्तित्व में आया। फिर वह कालांतर में एक स्त्री के शरीर के रूप में आश्चर्यजनक ढंग से परिवर्तित हो गया। इससे प्रस्फुटित हो रही किरणों ने तीनों लोकों को आलोकित कर दिया। प्रकाश और ऊर्जा का यही समन्वित रूप आदि शक्ति या आदि मां कहलाई। छान्दोग्य उपनिषद में कहा गया है कि 'अव्यक्त से उत्पन्न तीन तत्वों अग्नि, जल और पृथ्वी के तीन रंग सारी वस्तुओं में अंतर्निहित हैं। अत: यही सृष्टि और जीवन के मूल तत्व हैं। अतएव प्रकृति की यही ऊर्जा जीवन के जन्म और उसकी गति का मुख्य आधार है। लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वश में कर लिया गया है। देवी अराजक महिश के शरीर को रौंद रही हैं। उनका एक पैर असुर के सिर पर है। महिश शक्तिशाली तो है, लेकिन उसका आचरण क्रूर है, इसलिए वह ब्रह्मांड के आध्यात्मिक आधार के अनुकूल नहीं है। यही कारण है कि दुर्गा–शक्ति महिष को पददलित कर उसके अहंकार को चूर कर देती हैं। महिश के प्राण हरने के बाद कात्यायनी महिषासुर–मर्दिनी कहलाती हैं। इसीलिए इन्हें ब्रह्मांड की जननी कहा गया, जो पृथ्वी का प्रतीक है। ब्रह्मांड के अस्तित्व का यही बीज है। प्रकृति के इन्हीं रूपों का मानवीकरण करते हुए ऋग्वेद में कहा है कि 'ज्ञान के सभी विषय और क्रियाकलाप अंतत: देवी के रूप हैं।' सृष्टि सृजन के आरंभ से लेकर अब तक नारियां मां का रूप हैं। नारी के मातृत्व की डिंब में स्थित इस ऊर्जा को प्रजापति ब्रह्मा ने स्वयं विभाजित करके मानव के अस्तित्व को सृजित किया था। वह नारी ही है, जो अपनी ऊर्जा से मनुष्य को मनुष्यतत्व प्रदान करती है। साफ है, भगवती दुर्गा मूल प्रकृति का वह रूप हैं, जिसमें समस्त शक्तियां समाहित हैं। अतएव शक्ति के विनाश से जुड़ा यह बयान कांग्रेस को पहले से भी ज्यादा महंगा पड़ सकता है।

**–प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# होली का आध्यात्मिक पहलू

फागुन के मास में हर तरफ फूल खिलते हैं तथा चारों ओर रंग–बिरंगी बहार होती है। होली का त्यौहार इसी



फागुन मास में बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें लोग एक–दूसरे से गले लगकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। जिस प्रकार होली के त्यौहार का एक बाहरी पहलू है जिसमें कि एक दिन होलिका जलाई जाती है तथा अगले दिन एक–दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है लेकिन उसका एक रूहानी पहलू भी है। दुनिया में हमेशा एक दौर चलता रहता है जिसमें सच और झूठ की लड़ाई होती रहती है। सच को दबाने के लिए झूठ बड़ी कोशिश करता है कि वह किसी न किसी तरह से छुप जाए, मगर सच एक ऐसी चीज है जो कभी भी छुप नहीं सकता क्योंकि पिता–परमेश्वर सृष्टि के शुरूआत में सच थे, आज भी सच हैं और सृष्टि के अंत तक भी सच रहेगें। होली का दिन इस बात का प्रतीक है कि आखिर में सच की विजय और झूठ की हमेशा हार होती है। पूर्ण संतों के अनुसार होली जलाने का आध्यात्मिक महत्त्व यह है कि हम अपने अंदर की बुराईयों को जलाकर सदाचारी जीवन व्यतीत करें तथा जिस प्रकार हम बाहर एक–दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस त्यौहार को मनाते हैं, उसी प्रकार हम पूर्ण गुरु की सहायता से ध्यान–अभ्यास द्वारा अपने अंतर में प्रभु के विभिन्न रंगों को देखकर सच्ची होली अपने अंतर में खेंले। इस त्यौहार का एक अन्य पहलू एक दूसरे पर रंग लगाना भी है। होली पर लोग सफेद कपडे पहनते है जिसका एक आध्यात्मिक पहलू भी है। सफेद रंग में अन्य सभी रंग शामिल है। इसी तरह पिता–परमेश्वर हम सबके भीतर हैं। जिस प्रकार सफेद रंग सभी रंगों का स्रोत है उसी प्रकार पिता–परमेश्वर सारी सृष्टि के स्रोत हैं। जिस प्रकार होली में विभिन्न रंग हमारे कपड़ों पर बहुरंगी आकृति बनाते हैं और हम उन आकृतियों को बदलने की कोशिश नहीं करते, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में एक–दूसरे को प्रेमपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। अगर हम एक देश या समुदाय के सदस्य हैं तो हमें दूसरों को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह पिता–परमेश्वर सभी को स्वीकार करते हैं। आओ होली के इस त्यौहार पर हम सब अपने अंदर फैली सभी बुराइयों को जलाकर व एक–दूसरे पर प्रेम व भाईचारे का रंग डालते हुए मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करें।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

# आओ मिलकर करें मतदान

बज चुकी देश में रणभेरी।
सज गयी प्रत्याशियों की सेना।।
हर दल का अपना ही कहना।
वोट हमें ही देना,
मत भूलना ओ भैया बहना।
मतदाता भी अब सोच रहे।
किस प्रत्याशी पर बटन दबे।।
जो करें राष्ट्र, धर्मो की रक्षा।
देश–विदेश में नाम करे।।
मिटाये जो भ्रष्टाचार, महंगाई।
अपराजिता का मान बढ़े ।।

बेरोजगारी जो दूर करें।
बच्चों को दे स्वास्थ और
शिक्षा का उजास।
भुखे पेट न सोये गरीबी।
सब अन्न धन से हो मालामाल।।
गुंडा–गर्दी,भय के हो खिलाफ।
मिले सबकों समानता का अधिकार।
आओ सब मिलकर
ऐसी चुनें सरकार।
बने जो देश के विकास का आधार ।।

**–नरेश छाबड़ा,रूद्रपुर**



# 510 पीठासीन अधिकारियों को दिया मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही प्रशिक्षण के प्रथम चरण के पहले दिन 510 पीठासीन अधिकारियों को मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का बीडी पांडे डिग्री कॉलेज प्रेक्षागृह में प्रशिक्षण दिया गया।मंगलवार को प्रशिक्षण में मौजूद जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि लोकतंत्र की नींव रखने में पीठासीन व मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी मतदान





कार्मिक निष्पक्षतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि मतदान सम्पन्न कराने में किसी भी बूथ में ना हो इसके लिए सभी सैक्टर, जोनल और पीठासीन अधिकारी गहनता से ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जानकारी ले ले। प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारीको गम्भीरता से लेते हुए भलीभांति पारदर्शिता से मतदान को सम्पन्न करने की सीख लें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आर्दश आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे।कहा कि मतदान पार्टियां किसी भी प्रकार का अतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे व मतदेय स्थल में ही अनिवार्य रूप से रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने कहा कि मॉक – पोल अनिवार्य कराकर निधरित समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा मतदान प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल अपने सेक्टर एवं जोनल के साथ ही सहायक रिटर्निंग आफिसर को देंगे व प्रति दो घण्टें मतदान की सूचना भी अनिवार्य रूप से देगें। उन्होंने कहा कि जहां मोबाईल की क्लियर कनेक्टिविटी के कारण बात नहीं हो पाती है वहां के मतदान पार्टियां एसएमएस के द्वारा उपरोक्त सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रचार–प्रसार की साम्रगी कतई न लगने दी जाए व मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य अन्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावलियों से मिलाकर मतदान कराएं। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बार 12 महिला पोलिंग बूथ भी बनाएं गए है, जिसमें महिला कार्मिंक ही तैनात रहेगी।प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण जीएस सौन, दीप जोशी, नोडल अधिकारी दिव्यांग मतदाता हेम तिवारी, तहसीलदार दलीप सिंह, निशा रानी समेत प्रशिक्षण ले रहे जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में शुक्ला ने तेज किया प्रचार

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा चलाए जा रहे शक्ति केंद्र संपर्क अभियान के अंतर्गत विधानसभा संयोजक, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधानसभा प्रभारी दिनेश दर्जा मंत्री दिनेश आर्य के साथ



लगातार शक्ति केंद्रों पर जाकर शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथों की कमेटी के साथ बैठककर चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के क्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शक्ति केंद्र बंडीया-चीनी मिल, शक्ति केंद्र पुलभट्टा-बंगाली कॉलोनी, हाथी खाना, शक्ति केंद्र विकास कॉलोनी- पुरानी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस क्षेत्र के समस्त बूथों की बैठक कर पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए बूथ पर अपनी सक्रियता बढ़ाने एवं अपने बूथ क्षेत्र में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करने एवं आगामी 27 मार्च को रुद्रपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं के रुद्रपुर पहुंचने हेतु आवश्यक चर्चा की। जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, शक्ति केंद्र संयोजक देवेंद्र शर्मा, नरेश गंगवार, मूलचंद राठौर, बूथ अध्यक्ष मुकेश राठौर, कमलेश राठौर, दिलीप जीना, अमरीक सिंह मंड, अखंड प्रताप सिंह, प्रकाश पंत, महेंद्र पाल, जयदेव मंडल, किरण मंडल, मंगल मंगली प्रसाद, राजेश कोहली, महेंद्र पाल, पूरन भट, विनय मिश्रा, कमलेश तिवारी, मनजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सभासद सतीश गुप्ता, राकेश गुप्ता, उदयभान यादव, राजू यादव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 230 लीटर कच्ची शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में आईटीआई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के दो तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 230 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि आईटीआई पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मंगल बाजार स्थित नमकीन फैक्ट्री के पास से ग्राम छोटी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासी बलवीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 57 पाउच (लगभग 30 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह रेलवे क्रॉसिंग दोहरी परसा बरखेड़ी के पास से ग्राम छोटी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासी गुरजंड सिंह पुत्र गुरदीप सिंह को उधर से होकर मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 आई/0758 पर फर्राटा भरते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 250 पाउच (लगभग 120 लीटर) तथा एक रबर ट्यूब में 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## युवा पीढ़ी नशे की गर्त में पड़ी

काशीपुर।आबकारी के अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण काशीपुर व जसपुर में अवैध कच्ची शराब तथा पंजाब की ओर से लाई जाने वाली तस्करी की शराब का गैर कानूनी कारोबार जड़ जमा चुका है। कच्ची शराब की कारोबारी जहां प्रतिदिन लाखों लीटर शराब की कसीदगी कर उसे सुरक्षित ठिकानों पर भेजते हुए युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेलना का काम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि होली को लेकर शराब माफियाओं ने कुछ गुप्त स्थानों पर भारी मात्रा में तस्करी के शराब का भंडारण किया है। गैर कानूनी कारोबार पर यदि समय रहते अंकुश नहीं लगा तो चुनावों पर इसका खासा फर्क देखा जाएगा।

# कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे, के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने का अभियान चलाया गया है। थानाध्यक्ष काण्डा खुशवन्त सिंह के नेतृत्व में काण्डा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान ग्राम कुचौली से अभियुक्त हरीश सिंह बोरा पुत्र नैन सिंह बोरा निवासी



ग्राम भाटगाड (कपुरी) 54 वर्ष को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान और गश्ती की जा रही है।थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पुलिस द्वारा समय समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, वही वाहन में लगे लाउडस्पीकर से लोगों को आचार संहिता का पालन करने, बंदूक लाइसेंसधारी लोगों को समय से अपने हथियार थाने में जमा करने की अपील की जा रही है।वही क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर पैनी नजर बनाई गई है।अवैध शराब बनाकर बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा60 (1)आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है।इस दौरान कच्ची शराब पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह,व रमेश चन्याल आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# मजबूत होगी लोकतंत्र की जान जब होगा शत-प्रतिशत मतदान

गरुड़(उद संवाददाता)। स्वीप की टीम ने ग्राम पंचायत चोरसों व राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवीन चोरसों में जाकर महिलाओं व अन्य लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर महिलाओं ने झौड़ा-चांचरी गाकर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप टीम ने चोरसों गांव में जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वहां ग्रामीणों




को पोस्टर, बैनरों के माध्यम से जागरुक किया। महिलाओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि मजबूत होगी लोकतंत्र की जान, जब होगा शत-प्रतिशत मतदान। इस मौके पर हस्ताक्षर कर ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रीता जोशी, बीएलओ कमला पंत,सुरेश खोलिया, शंकर टम्टा, डीएल वर्मा, मोहन भरड़ा, पुष्कर अल्मिया आदि उपस्थित थे।

# अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर कर्मचारी शिक्षक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। होली पर्व परस्पर भाईचारा प्रेम और स्नेह का प्रतीक माना जाता है,लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने से कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में व्यस्तता बनी हुई है। वही 26 मार्च को होली अवकाश नही होने से कर्मचारियों ने होली पर्व पर एकदिवसीय विवेकाधीन अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी शिक्षक संगठन ने एक दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी अनुराधा पाल से मुलाकात की। संगठन ने छुट्टी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों का कहना है कि 25 मार्च



को होली का राजकीय अवकाश घोषित है, जबकि पहाड़ी क्षेत्र में 26 मार्च को होली मनाई जा रही है। होली के चलते बाजार से लेकर यातायात तक बंद रहता है। पहाड़ी क्षेत्र में मनाई जाने वाली छरड़ी होली के दिन सभी लोग आपस मे एक दूसरे के घरों में जाकर संयुक्त होली मिलन कर होली की बधाईया देकर गले मिलते है। मैदानी क्षेत्रों और कुमाऊ क्षेत्र में होली मनाने को लेकर राजकीय अवकाश एक दिन पूर्व घोषित होने से कर्मचारियों को असुविधा होने की बात जिलाधिकारी से की। मांग करने वालो में जिलाध्यक्ष अनिल जोशी, आलोक पांडे, भुवन जोशी आदि मौजूद रहे।

# सेल्फी लेते वक्त गंगनहर में डूबकर किशोर लापता दोस्त को लोगों ने बचाया

रुड़की में गंगनहर किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रहे एक किशोर का पैर फिसल गया और वह गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। किशोर को बचाने के प्रयास में दोस्त भी गंगनहर में कूद गया और पानी के तेज बहाव में बहने लगा। शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर की तलश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी तो कोहराम मच गया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव रसूलपुर निवासी उवैश (16) पुत्र शोहराब अपने दोस्त तौफीक और समद के साथ दोपहर में सोलानी पार्क के पास गंगनहर पटरी पर घूमने आया था। इस बीच वह गंगनहर किनारे खड़े होकर मोबाइल से सेल्फी लेने लगा। सेल्फी लेने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गंगनहर में जा गिरा। उवैश को डूबता देख तौफीक ने बचाने के लिए उसे गंगनहर में छलांग लगा दी, लेकिन पानी के तेज बवाह में वह बहकर डूबने लगा। दोनों को डूबता देख समद ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बचाने का प्रयास किया। इस बीच लोगों ने समद को तो बचा लिया। जबकि उवैश गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। सूचना मिलते ही सीओ नरेंद्र पंत और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं, सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंचे। पुलिस और परिजनों ने काफी दूर तक उवैश की गंगनहर में तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। कोतवाली प्रभरी आरके सकलानी ने बताया कि उवैश का अभी कुछ पता नहीं लग सका है। वर्तमान में उवैश का परिवार सलमान कॉलोनी, रुड़की में रह रहा है। उवैश की तलाश को जल पुलिस को लगाया गया है।

# बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए ज्ञानार्जन पत्रिका का हुआ विमोचन

गरुड़(उद संवाददाता)। बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए गरुड़ में ज्ञानार्जन पत्रिका का विमोचन किया गया। आदर्श ज्ञानार्जन विद्यालय गरुड़ के बच्चों की मासिक बाल पत्रिका ज्ञानार्जन का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट ने कहा कि यह पत्रिका बच्चों का सृजनात्मक विकास करने में सहायक सिद्ध होगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया



ने कहा कि पत्रिका बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाएगी। संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने कहा कि पत्रिका बच्चों के बाल मन को नई उड़ान देने में सहायक सिद्ध होगी। पत्रिका के संपादक मोहन जोशी ने कहा कि बच्चों को विभिन्न विषयों की महत्वपूर्ण जानकारियां इस पत्रिका के माध्यम से प्रत्येक माह मिलती रहेगी। इस दौरान प्रधानाध्यापिका गीता जोशी, नवीन पांडे आदि मौजूद थे।

# रंग में होली खेलूं री मैं सांवरिया के संग

गरुड़(उद संवाददाता)। महिलाएं भी अब होली के रंग में डूब गई हैं। विभिन्न गांवों में महिलाओं ने बैठकी होली का आयोजन किया और एक-दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाया। कत्यूर घाटी के गागरीगोल, बैजनाथ, टीटबाजार, गरुड़ बाजार, पाये, सिल्ली, दर्शानी, नौघर, भेटा समेत दर्जनों गांवों में महिलाओं ने होली गायन किया। मटेना में उप ग्राम प्रधान नीमा बड़सीला के आवास पर महिलाओं की होली आयोजित की गई। इस दौरान रंग में होली खेलूं री मैं सांवरिया के संग, अबीर



उड़ता गुलाल उड़ता उड़ते सातों रंग, भर पिचकारी मोहन मारी, सखिया रह गई दंग आदि गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकी। गांवों में देर शाम तक होली गीत गूंजते रहे। इस मौके पर महिलाओं ने झौड़ा, चांचरी भी गाई और खूब मनोरंजन किया।

# राष्ट्रीय दलित मजदूर समाज पार्टी ने यूसीसी कानून का किया समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय दलित मजदूर समाज पार्टी की बैठक में विचार विमर्श करते हुए यूजीसी कानून का समर्थन किया गया । पंजाबी कॉलोनी में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय दलित मजदूर समाज पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हजारों पीड़ित परिवारों को राहत दी है जो कई वर्षों से देश में शरणार्थी की जिंदगी गुजर बसर कर रहे थे उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदेश में लागू किए गए यूसीसी कानून का भी समर्थन किया । इस मौके पर जितेंद्र सिंह, डॉक्टर सुमंगल, रामवती ,आनंद राय, पिनकी देवी ,प्रियंका आदि थे ।

# प्रेमनाथ ठककर के निधन पर शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें शहर के समाजसेवी प्रेमनाथ ठक्कर के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक व्यक्त करने वालों में व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा, मनोहर लाल मिगलानी, मान सिंह ग्रोवर, बॉबी टुटेजा, रोशन तागरा, कस्तूरी लाल तागरा, सन्नी गाबा, प्रेमनाथ ढलला, नरेन्द्र कुमार, बंटी कक्कड़, अपार सिंह बेदी, वीरेन्द्र सुखीजा, नरेश सेठ आदि शामिल हैं।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजा कश्यप गलत संगत में पड़ गया है, वह आये दिन झगड़ा एवं मारपीट करता है। रोज रोज के कलह क्लेश से दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र राजा कश्यप को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब राजा कश्यप का मेरी चल अचल संपत्ति पर कोई हक हकूक नहीं है, वह अपने किसी भी अच्छे बुरे कृत्य और लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

ओमपाल पुत्र मुंशी लाल,निवासी-लालपुर , पो. लालपुर,जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड


# जिला बदर अपराधी को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब दो माह पूर्व जिलाबदर किये गये अपराधी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि. दीपक कौशिक गश्त करते बिंदुखेड़ा की और जा रहे थे तो मुखविर से जानकारी मिली कि गुण्डा अधिनियम में कुछ समय पहले से ही जिला बदर किया गया शातिर अपराधी बलजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी बिंदुखेड़ा अपने गांव में घर के पास घूम रहा है । सूचना पर पुलिस टीम ने गांव बिंदुखेड़ा पहुँचकर बलजीत को उसके घर के पास कुछ दूर पहले पकड लिया । उसका कहना था कि 16 जनवरी 2024 को कोतवाली रूद्रपुर से उसे 6 माह के लिए आदेश के अनुपालन मे जिला बदर किया गया था । आज अपने निजी काम से रूद्रपुर आ गया। पुलिस ने बलजीत को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अर्जी

## सीएम की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में घमासान, आप कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे, कई नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में नया मोड़ आ गया है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में याचिका वापस ले रहे हैं क्योंकि इसमें रिमांड से टकराव हो रहा है। वहीं केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता शुक्रवार को सड़कों पर उतर आये। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कई आप नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बता दें ईडी ने लंबी जद्दोजहद के बाद गुरुवार रात केजरीवाल के सरकारी आवास पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की टीम केजरीवाल के






सरकारी आवास पर करीब 4 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद देर रात उन्हें अपने साथ ले गई। शराब घोटाला केस में ईडी द्वारा 16वीं गिरफ्तारी है। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। ईडी आज केजरीवाल को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए उन्हें कस्टडी में देने का अनुरोध करेगी। ईडी इस मामले में अब तक 6 आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है और 128 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। केजरीवाल इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा जारी किए गए नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन गुरुवार 21 मार्च को जारी किया गया। उन्होंने समन को 'अवैध' करार दिया है। इससे पहले 15 मार्च को ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के सिलसिले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी को भी गिरफ्तार किया था। लोक सभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर 'आप' ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। 'आप' ने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आज सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। दिल्ली में आईटीओ पर पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने आप की दिल्ली मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया।

# लूट में शामिल बदमाश मुठभेड़ में गोली लगने से हुआ घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व ऋषिकेश में सुनार से लूट में शामिल मेरठ का बदमाश मुठभेड़ में घायल हो गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है, उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वह संगीन मुकदमों में फरार चल रहा था। पुलिस ने बदमाश से तमंचा और हरिद्वार ज्वालापुर से चुराई बाइक भी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 18 मार्च को दो अज्ञात बदमाशों ने प्रवीण वर्मा मालिक दुर्गा ज्वेलर्स को पिस्टल दिखाकर उनसे 30 हजार रुपये नकदी और कुछ गहने लेकर फरार हो गए थे। तब से पुलिस बदमाश के बारे में जानकारी जुटा रही थी। गुरुवार रात को सूचना मिली कि ऋषिकेश में लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश देहरादून में लूट की घटना को अंजाम देने के लिए आ रहे हैं। बदमाश जैसे ही बिहारीगढ़ से आशारोड़ी की तरफ दाखिल हुए तो दोनों तरफ से पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। आशारोड़ी से पहले ही बदमाश ने खुद की घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई। बदमाश की पहचान मनोज सिरोही निवासी पथौली सरधना मेरठ यूपी के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ मेरठ व अन्य जिलों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# लाखों की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को 20.43 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद की गई इसमें की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के तहत पुलिस ने गश्त के दौरान आजाद नगर गेट के पास फिरोज खान पुत्र कामिल खान निवासी वार्ड नंबर 11 नूरी मस्जिद से 20.43 ग्राम स्मैक बरामद की। स्मैक को वह स्कूटी संख्या यूके 06 एआर 1631 टीवीएस जुपिटर में बैठकर बेचने जा रहा था। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से से 20.4 ग्राम स्मैक के अलावा एक मोबाइल और 2400 रूपये भी बरामद किये हैं। कोतवाली पुलिस ने स्कूटी को सीज करते हुए अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया है।



# लापता श्रमिक का खेत में मिला शव, मचा हड़कंप

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मजदूर की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। देर रात उसका शव पानी से भरे गेहूं के खेत में औंधा पड़ा पाया गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। खबर लिखे जाने तक घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के मुताबिक ग्राम धनौरी लक्ष्मीपुर लक्ष्मी निवासी विष्णु राजपूत 40 वर्ष पुत्र गरीबदास मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके एक पुत्र तथा तीन पुत्रियां हैं। सबसे बड़ी बेटी की उम्र लगभग 11 वर्ष है। पता चला है कि गत गुरुवार को उसने पूर्व सांसद के सी सिंह बाबा के गेहूं के खेत में पानी लगाया था। मृतक के छोटे भाई हरदीप ने बताया कि दोपहर का खाना खाने के बाद उसका भाई विष्णु खेत की ओर निकल गया। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। शाम 4बजे तक जब उसकी घर वापसी नहीं हुई तो परिजनों ने विष्णु की तलाश शुरू की। तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी देर रात तक विष्णु का कहीं कोई पता नहीं चला। रात्रि लगभग 11बजे ग्रामीणों के साथ जब परिजन पूर्व सांसद के गेहूं के खेत पर पहुंचे तो विष्णु वहां पानी से भरे खेत में औंधे मुंह पड़ा पाया गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।



## परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं

काशीपुर। मजदूर विष्णु ने जिस खेत में पानी लगाया था इस खेत में उसका शव मिट्टी में सना पाया गया। मृतक के छोटे भाई हरदीप ने बताया कि पूर्व में उसका भाई शराब का सेवन करता था लेकिन इधर कुछ दिनों से उसने नशा बंद कर दिया था। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि एक साधारण मेहनत मजदूरी करने वाला इंसान जो पूरे दिन ठीक-ठाक रहकर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करता रहा आखिर अचानक मौत के मुंह में कैसे चला गया। फिलहाल परिजनों को विष्णु की मौत पर शंका तो है लेकिन वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# संदिग्ध हालातों में किशोरी ने लगाई फांसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: मौहल्ला भदईपुरा वार्ड 14 में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला भदईपुरा निवासी पप्पू सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि आज प्रात: उसकी 15 वर्षीय पुत्री गौरी छत पर गई थी। जब वह काफी देर तक नीचे लौट कर नहीं आई तो परिजनों ने उसे आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने छत पर जाकर देखा तो उनके होश फाख्ता हो गये। उन्होंने गौरी को साड़ी से बने फंदे से टीन की छत से फांसी पर लटका देखा। चीख पुकार की आवाज सुनकर वहां कई लोग आ पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही रम्पुरा चौकी पुलिस कर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतका की मौत को लेकर क्षेत्र में कई चर्चाएं हैं। मृतका पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। उधर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही परिजनों से और पूछताछ की जायेगी।



# फायर सिलेंडर पहुंचाने के नाम पर खाते से 89 हजार उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों द्वारा ठगी के रोजाना नये नये तरीके प्रयोग में लाये जा रहे हैं। अब अज्ञात व्यक्ति ने फायर सिलेंडर एजेन्सी कर्मी को फोन कर फायर सिलेंडर मंगवाकर भुगतान करने के नाम पर उसके खाते से 89100 रूपये उड़ा लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शारदा कालोनी, ग्राम डिबडिया, पोस्ट कौशल गंज बिलासपुर निवासी सतेश कुमार पुत्र बालचरण सिंह ने कहा है कि वह मैसर्स यूनिक इन्जीनियर्स, नगर पालिका मार्केट, काशीपुर बाईपास रोड रुद्रपुर का एकाउन्टेन्ट है। फर्म फायर के सिलेन्डर बेचने का कार्य करती है । 4 मार्च. को उसके मोबाईल पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसने बताया कि वह एमेनिटी पब्लिक स्कूल का सेफ्टी इंचार्ज है। उसे 15 सिलेन्टर चाहिए। पैसों की बात करने पर उसने कहा कि माल भेज दो पैसे कैश दे देगें। जिस पर उसने 15 सिलेन्डर एमेनिटी पब्लिक स्कूल में भेज दिये । वाहन चालक ने स्कूल के गेट पर पहुंच कर फोन किया । तब उक्त व्यक्ति को फोन करके बताया कि माल स्कूल के गेट पर पहुच गया है। उस व्यक्ति ने कहा कि उसके नम्बर पर अपने गूगल पे खाते से एक रूपया भेजो। तुम्हारे माल की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान करके स्कूल की ऐन्ट्री दूगा। जब एक रूपया डाला तो उसने उधर से दो रुपये भेज दिये। इसके बाद उसके गूगल पे खाते से तीन बार में कुल 89,100 रूपये उक्त अज्ञात व्यक्ति ने काट लिये । स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ करने पर पता चला कि स्कूल ने कोई फायर सिलेन्डर नही खरीदे है । अज्ञात व्यक्ति ने उसके गूगल पे खाते से कम्प्यूटर संसाधनों का प्रयोग कर धोखाधड़ी से कुल 89,100 रूपये ऐंठ लिये है और तब से वह फोन भी नही उठा रहा है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता के घर में आग से लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राज कोली के रम्पुरा स्थित आवास में आज अपरान्ह आग लग जाने से कमरे में रखा लाखों रूपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। राज ने बताया कि आज दोपहर परिवार के सभी सदस्य नीचे मंजिल पर बैठे हुए थे। तभी पड़ोस के लोगों ने बताया कि दो मंजिल के कमरे से धुआं निकल रहा है। जिस पर सभी लोग तुरंत दोमंजिल पर पहुंचे जहां कमरे में आग की तेज लपटें निकल रही थीं। उन्होंने बताया कि आग संभवत: शार्ट सर्किट के कारण लगी है। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राज ने बताया कि आग की इस घटना में कमरे में रखा फ्रिज, एलईडी, डबल बेड, पंखा, सोने चांदी के जेवरात, मोबाईल, अलमारी, कपड़े आदि सामान जलकर राख हो गया। उसने इस घटना में लगभग पांच लाख रूपये का नुकसान होना बताया है।



# समाजसेवी अजय तिवारी की भाजपा में हुई घर वापसी

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी अजय तिवारी की भाजपा में पुन: वापसी हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने अजय तिवारी को ससम्मान भाजपा में वापसी कराई है। गत दिवस देहरादून में पार्टी कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में सांसद नरेश बंसल एवं पूर्व मंत्री खजान दास के सानिध्य में अजय तिवारी की भाजपा में सदस्यता दिलाई गयी। इस अवसर पर उन्हें भाजपा में वापसी किए जाने पर भाजपा नेता अजय तिवारी ने कहा कि उनकी आस्था पूर्ण रूप से हमेशा भाजपा में रही है किंतु किसी कारणवश बीच में पार्टी से कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाई थी जिस वजह से वह निष्क्रिय हो गए थे। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश को विकास के पथ पर आगे और ले जाने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 का आंकड़ा पार किया जाएगा। इसके लिए वह हर संभव अपने क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए प्रयास करेंगे तथा रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएंगे। उन्होंने सांसद नरेश बंसल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री खजान दास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा उनके प्रति किए गए सद्भाव पूर्ण रवैया के तहत वे कृतज्ञ है तथा पार्टी आला कमान का धन्यवाद अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी भारतीय जनता पार्टी का अहित न सोचा है ना किया है। और न ही भविष्य में करेंगे। वह पार्टी के प्रति पूर्व में भी निष्ठा रखते थे वर्तमान में भी निष्ठावान है तथा भविष्य में भी निष्ठावान बने रहेंगे।




# तमंचा और कारतूस समेत एक संदिग्ध गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पंतनगर थाना पुलिस ने एक संदिग्ध को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गुरूवार शाम चेकिंग अभियान के तहत पुलिस टीम हल्द्वानी की ओर बैरियर से पहले लवप्रीत सिंह पुत्र स्व0 अमरजीत सिंह निवासी ग्राम मुडलिया गौसू थाना अमरिया पीलीभीत को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में पंतनगर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह डागी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली,कांस्टेबल पंकज पोखरियाल आदि शामिल थे।